दिनांकः 18.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि यदि बेटियों को समान अवसर दिये जाएं, तो वे अपेक्षा से ज्यादा परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। आज जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समारोह में प्रदान की गईं डिग्रियों में से 29 प्रतिशत छात्राओं का है, जो गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शोध और विकास की क्षेत्र में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी ना केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के अंत में विद्यार्थियों से राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करते हुए देश का नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य का स्वरूप विद्यार्थियों के हाथों में है।

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिये कुल 1 हजार 361 डिग्रियां दी गईं। इनमें से 805 स्नातक, 477 स्नातकोत्तर और 79 डॉक्टरेट की उपाधियां शामिल हैं। इनमें से 402 डिग्रियां छात्राओं को प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे।

....

जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज सात जिलों की 24 सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। सुबह 11 बजे तक 26 दशमलव सात–दो प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। अब तक सर्वाधिक मतदान कश्मीर घाटी की शोपियां सीट पर दर्ज किया गया। इन जिलों में सात लाख 14 हजार मतदाता 64 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू–कश्मीर के मतदाताओं से अपील की है कि एक ऐसी सुदृढ़ और जनहितैषी सरकार बनाने के लिए बढ़–चढ़कर मतदान करें, जो युवाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर सृजन, महिलाओं के सशक्तीकरण, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और क्षेत्र में अलगाववाद तथा परिवारवाद की समाप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित हो।

....

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सेना की दक्षिणी कमान की राष्ट्रीय संगोष्ठी–ऐक्य आज से चेन्नई में आयोजित की जा रही है। दो दिन की इस संगोष्ठी का उद्देश्य आपदा तैयारियों को बढ़ावा देना और मुख्य हितधारकों में सहयोग को मजबूत करना है। रेलवे, परिवहन, नागर विमानन, स्वास्थ्य, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा राज्य और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय सेना के प्रतिनिधि इस संगोष्ठी में भाग ले रहे हैं। इसमें मौसम विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय दूरस्थ संवेदी केंद्र, केंद्रीय जल आयोग तथा भारतीय वन सर्वेक्षण के प्रतिनिधि भी भागीदारी कर रहे हैं।

इस संगोष्ठी में सुनामी, भूस्खलन, बाढ, जंगल की आग और चक्रवात तथा हाल की आपदाओं जैसी प्राकृतिक समस्याओं की समीक्षा की जाएगी।

....

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय कल से नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इण्डिया उत्सव का तीसरा संस्करण आयोजित कर रहा है। तीन दिन के इस आयोजन के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अलावा संबद्ध क्षेत्रों को प्रदर्शन का मौका मिलेगा। इस अवसर पर निवेश आकर्षित करने के लिये बायर–सेलर मीट होगी।

....

प्रदेश में श्राद्ध पक्ष की शुरूआत के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। अश्विनी मास की अमावस्या तक चलने वाले 16 दिनों के श्राद्ध पक्ष के दौरान पितरों का श्राद्ध निकालकर उनकी आत्मा की शांति और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जाती है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। घरों में विभिन्न व्यंजन बनाकर ब्राह्मण भोज कराया जा रहा है

और उन्हें भेंट दी जा रही है। अजमेर के पुष्कर सरोवर में पितरों के श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने का सिलसिला जारी है। ाली में सिरेघाट पर मंत्रोच्चारण के साथ तर्पण कर पूर्वजों को याद किया गया। पितृ पक्ष का समापन दो अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी।

....